**Session : 9**
**Date : 27-11-2006**

**Participants : Atique Ahamad Shri**

>

Title: Regarding alleged illegal arrest, threat to life and breach of privileges of a Member.

**श्री अतीक अहमद :** महोदय, मुझे इस बात का दुख है कि मैं एक व्यक्तिगत मामले पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं, लेकिन व्यक्तिगत मामले को यहां बताना इसलिए जरूरी है कि आप हमारे अध्यक्ष हैं और हमें आपका संरक्षण चाहिए। महाराट्र में हमें जेल में बन्द किया गया। मुद्दा यह था कि अल्पसंख्यकों पर महाराट्र में जो अत्याचार हो रहा है उस पर विचार करने के लिए एक मीटिंग बुलाई गई थी जिसमें उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की तरफ से मुझे भी बुलाया गया था। मेरा दोा केवल इतना था कि जब हम लोग उस सभा में भाग लेने गए। वहां जाकर हमें पता चला कि धारा 144 लगा दी गई और सभा करने की परमीशन नहीं दी गई।

अध्यक्ष महोदय, यह राज्य का मामला है और सम्भवतः आप कह भी देंगे कि यह राज्य का मामला है इसलिए यहां नहीं उठाया जा सकता, लेकिन इसमें दो-तीन बिन्दु बहुत महत्वपूर्ण हैं जिनकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। जो रैली बुलाई गई थी वह अल्पसंख्यकों के लिए थी। हमारे प्रधान मंत्री का अक्सर बयान आता रहता है कि किसी वर्ग विशे के ऊपर अंगुली नहीं उठाई जानी चाहिए। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि वहां हमें बताया गया कि रैली करने की परमीशन इसलिए नहीं दी गई थी क्योंकि कमिश्नर ने रिपोर्ट दी थी कि यदि रैली निकाली जाएगी, तो लॉ एंड ऑर्डर खराब हो जाएगा।

अध्यक्ष महोदय, आई.पी.एस. ऑफीसर्स पर लगाम कसना, उनके लिए नीति बनाना, उनकी कार्यशैली चैक करना केन्द्र सरकार का काम है। ऐसे ऑफीसर्स पूरी तरह राज्यों के अन्तर्गत नहीं होते।

महोदय, आप बड़े अनुभवी हैं। जब हम लोग जीत कर आए थे, तो हमें इस बात की भी खुशी थी कि यहां आपके दर्शन होंगे और आप आसन पर बैठे हैं। हम तो पांच बार विधायक रहे हैं।

MR. SPEAKER: You should speak more.  You are speaking so well.

**श्री अतीक अहमद :** अध्यक्ष जी, एक आई.पी.एस. ऑफीसर ने मुम्बई जैसे शहर में यह रिपोर्ट दी कि रैली निकलने से लॉ एंड ऑर्डर खराब हो जाएगा। मैं सारे सदन का ध्यान चाहूंगा। *(Interruptions)** …

MR. SPEAKER: That is deleted. थोड़ी टोका-टोकी होती है। अच्छा लगता है।

**श्री अतीक अहमद :** अध्यक्ष जी, एक आई.पी.एस. ऑफीसर मुम्बई जैसे शहर में रैली करने पर यह रिपोर्ट दे कि उससे लॉ एंड ऑर्डर की प्रॉब्लम हो जाएगी और इसलिए हम रैली नहीं करा सकते हैं, यह अजीब बात है। आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में हमारी पार्टी की सरकार है। पहले भी वहां मंदिर-मस्जिद जैसे उन्मादी मामले रहे थे। उस समय आम आदमी में उन्माद पैदा किया गया और उस उन्माद के समय  हमारे एक भी ऑफीसर ने, एक भी मंत्री ने और हमारे मुख्य मंत्री ने हाथ खड़े नहीं किए।[r18]

आज हमें गर्व है कि उन्माद का मुद्दा वहां दफन हो गया है और अयोध्या की सीट को समाजवादी पाटी ने जीत लिया है। लेकिन इस तरह से उत्पीड़न करके रैली स्थल से 15 किलोमीटर पहले गिरफ्तार किया जा रहा है। राज्य सरकार ने यह सब एक आईपीएस अधिकारी की रिपोर्ट पर किया। लेकिन मुझे

---

**Not recorded**

लगता है कि राज्य सरकार ने उस आईपीएस अधिकारी से यह रिपोर्ट दिलवायी है, चूंकि राज्य और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार है और मुद्दा अल्पसंख्यकों से संबंधित था, इसलिए यह रिपोर्ट दिलवाई गई है।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो सुरक्षा मुझे दी हुई थी, हम अपनी निजी सुरक्षा लेकर नहीं गए थे, उस सुरक्षा को ले लिया गया है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** अपनी सुरक्षा के बारे में आप हमें लिखिए। हम आपकी सुरक्षा को जरूर देखेंगे। लेकिन दूसरे मामले के बारे में हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

...(व्यवधान)

**श्री अतीक अहमद :** मुझे आपसे पूरी आशा है। मेरा आपसे निवेदन है कि आप मेरी पूरी बात सुन लीजिए, आप सर्वोच्च पद पर बैठे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यदि उत्तर प्रदेश सरकार ...(कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) की सभा उत्तर प्रदेश में न होने दे, तो इन लोगों को अच्छा नहीं लगेगा और यह बदले की भावना का काम लगने लगेगा।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not bring those other names. It is struck off.

… (*Interruptions*)

**श्री अतीक अहमद :** महोदय, हमारे प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि एक वर्ग के ऊपर अंगुली नहीं उठेगी, जबकि केन्द्र सरकार के रक्षा मंत्री का बयान आता है कि तमाम सरकारी विभागों में आईएसआई का जाल फैल गया है। मैं कहना चाहता हूं कि यह दोहरी नीति अपनाना और पूरे समाज के ऊपर शक करना...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आपकी बात रिकार्ड में आ गई है, आप बैठ जाइए। आपकी सुरक्षा के मामले को हम जरूर देखेंगे।

श्री एल. राजगोपाल

...(व्यवधान)

**श्री राज बब्बर (आगरा):** महोदय, यह बहुत ही गम्भीर मामला है। सभी राज्य सरकारों द्वारा यही किया जा रहा है। जिस तरह से महाराट्र में गिरफ्तार किया गया, उसी तरह से उत्तर प्रदेश के दादरी में जब किसानों...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: No. You do not have my permission. Only what Shri Rajagopal says will go on record and nothing else.

*(Interruptions)** ...

SHRI L. RAJAGOPAL (VIJAYAWADA): Sir, thank you very much. I would like to draw the attention … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)** ...

**अध्यक्ष महोदय :** आप लोग बैठ जाइए। आप लोगों का जो राज्य का मामला है, उस पर आपको बोलने का पूरा हक है, लेकिन आप बाहर जाकर के बोलिए। You can carry on your political activity outside the House. राज बब्बर जी यह सही नहीं है, आप बैठ जाइए।

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing is being recorded.

*(Interruptions)** ...

MR. SPEAKER: Only what Shri Rajagopal says will go on record and nothing else.

*(Interruptions)** ...

**अध्यक्ष महोदय :** कुछ भी रिकार्ड में नहीं जा रहा है, आप लोग क्यों बोल रहे हैं। अतीक अहमद जी आपकी सुरक्षा के बारे में हम जरूर देखेंगे।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** राज बब्बर जी, बैठ जाइए, आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है। अतीक अहमद जी आपकी बात रिकार्ड में आ चुकी है, आप भी बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**श्री मोहन सिंह (देवरिया):** अध्यक्ष महोदय, राज बब्बर जी ने राज्य सरकार की बर्खास्तगी की मांग उठायी है...(व्यवधान)

---

*Not recorded

**अध्यक्ष महोदय :** आप छोड़िए, आप बैठ जाइए। उनकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded.

*(Interruptions)** ...

**अध्यक्ष महोदय :** यह ठीक नहीं है। आप लोग बाहर जाकर बोलिए। आपको जो बोलना है, बाहर जाकर बोलिए।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I am not putting any restriction if you carry on your political activities outside the House. आप लोग बाहर जाकर बोलिए। अतीक अहमद जी आपकी सुरक्षा के बारे में हम देखेंगे। I will look into the matter.

… (*Interruptions*)

**श्री अतीक अहमद :** अध्यक्ष महोदय, यह समय तो आपके खाते में गया है। हमें तो बोलने दीजिए।…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I will adjourn the House and nobody will be able to raise any issue.

… (*Interruptions*[r19])

**अध्यक्ष महोदय :** हमें तो पूरा कर लेने दीजिए।

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have given you my word about your security that I would look into it. What more do you want?

… (*Interruptions*)

**श्री अतीक अहमद :** अध्यक्ष जी, मेरी बात पूरी हो जाने दें। …(व्यवधान)

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आपकी बात पूरी हो गई।

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded

**अध्यक्ष महोदय :** यह बहुत दुख की बात है।

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You are a senior Member. You were a Minister. I am sorry. Nothing will be recorded.

*(Interruptions)** ...

**अध्यक्ष महोदय :** हम हाथ जोड़कर कहते हैं, आप बैठिये। आपको जो बोलना है, बाहर जाकर बोलिये।

…(व्यवधान)

**श्री अतीक अहमद :** अध्यक्ष जी, मैं पहली मर्तबा बोल रहा हूं।…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** पहली दफा बोल रहे हैं, तो कभी तो फुल स्टाप होना चाहिए। अगर पहली दफा बोलेंगे तो क्या अनलिमिटेड टाइम लेंगे?

…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have given you an opportunity.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have given you full opportunity. Now, Shri Rajagopal to speak.

… (*Interruptions*)*…Not recorded)*

SHRI L. RAJAGOPAL : Mr. Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You are such a nice man. आप बोलते रहिये। इलैक्शन अगले साल है। हम जानते हैं कि चुनाव में अभी देर है। अभी छोड़िये। Shri Raj Babbar, nothing is being recorded.

*(Interruptions)* …*

MR. SPEAKER: Let the House be adjourned. You are not in a mood to do any work. We are making ourselves a laughing stock.

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded

MR. SPEAKER: What are you doing? Is this the way to do it?

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल):** उनकी बात पूरी होनी चाहिए। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing is to be recorded.

*(Interruptions)* …*

MR. SPEAKER: Except Shri Rajagopal's version, nothing will be recorded. Very well, if you do not want the House to run, हम चले जाते हैं। अगर आप लोग नहीं चाहते हैं तो हम चले जाएंगे।

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It is a very shameful behaviour exhibited by you people

… (*Interruptions*)

SHRI L. RAJAGOPAL(VIJAYAWADA) : Sir, I am raising a very important issue.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: They are laughing at us. People are laughing at us. They say this is the importance we attach. आपकी एक बात भी रिकार्ड नहीं होगी, आप लोग इसी तरह हाउस चलाइये। आप बोलते रहिये, एक लाइन भी रिकार्ड नहीं होगी। सारी जनता आप पर हंसेगी।